TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

**जयंती विशेष**

**14 नवंबर 2025**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विफलता तभी होती है जब हम अपने आदर्शों, उद्देश्यों और सिद्धांतों को भूल जाते हैं।

पंडित जवाहरलाल नेहरू

( भारत के प्रथम प्रधानमंत्री )

जन्म : 14 नवंबर 1889 मृत्यु : 27 मई 1964



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

14 नवंबर


## मधु प्रिया

# समस्तीपुर जिला का गठन 14 नवम्बर



समस्तीपुर जिला 14 नवम्बर, 1972 दरभंगा जिले से अलग हुआ था| समस्तीपुर के वर्तमान जिले में 4 अनुमंडल हैं। समस्तीपुर जिला मुख्यालय में 20 प्रखंड , 3 नगर परिषद/नगर पंचायत, 381 पंचायत और 1260 राजस्व गांव हैं।समस्तीपुर भारत गणराज्य के बिहार प्रान्त में दरभंगा प्रमंडल स्थित एक शहर एवं जिला है। इसका मुख्यालय समस्तीपुर है। समस्तीपुर के उत्तर में दरभंगा, दक्षिण में गंगा नदी और पटना जिला, पश्चिम में मुजफ्फरपुर एवं वैशाली, तथा पूर्व में बेगूसराय एवं खगड़िया जिले है। यहाँ शिक्षा का माध्यम हिंदी, उर्दू और अंग्रेजी है लेकिन बोल-चाल में मैथिली, मगही बोली जाती है। इसे मिथिला का प्रवेश द्वार कहा जाता है। ये उपजाऊ कृषि प्रदेश है। समस्तीपुर पूर्व मध्य रेलवे का मंडल भी है। समस्तीपुर को मिथिला का 'प्रवेशद्वार' भी कहा जाता है। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त राजेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय समस्तीपुर जिले में पूसा नामक स्थान पर है, इसके अलावा यहां राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय है जो सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी में स्थित है । इस महाविद्यालय की स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी मगर इसका अपना भवन वर्ष 2022 में बनकर तैयार हुआ जिसमें 2022 से पढ़ाई शुरू हुई। नरघोघी में ही राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है जिसकी वर्ष 2024 से शुरू होने की संभावना है। इसके साथ ही जिले के विभूतिपुर में राजकीय पोलीटेक्निक कालेज है एवं सभी अनुमंडल में एक एक आइ टी आइ कालेज एवं नर्सिंग कॉलेज भी है। जिले के युवा इन उच्च शिक्षण संस्थानों से पढ़ कर अपना जीवन संवार रहे हैं। जिले में प्राथमिक शिक्षा की स्थिति संतोषजनक है।

# जयंती विशेष 14 नवंबर




**पंडित जवाहरलाल नेहरू** *Jawaharlal Nehru,* जन्म: 14 नवम्बर, 1889; मृत्यु: 27 मई, 1964) भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के महान् सेनानी एवं स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री (1947-1964) थे। जवाहर लाल नेहरू, संसदीय सरकार की स्थापना और विदेशी मामलों में 'गुटनिरपेक्ष' नीतियों के लिए विख्यात हुए। 1930 और 1940 के दशक में भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से वह एक थे।

 राकेश कुमार

# MATH TLM


86 Class-6to8

## त्रिभुज (Triangle)

### क्षेत्रफल (Area)

त्रिभुज का क्षेत्रफल=

$\frac{1}{2}$ × आधार × ऊंचाई




जैसे :- एक त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए, जिसका आधार 20 सेंमी.और ऊंचाई 8 सेमी. हो।

हल - त्रिभुज का क्षेत्रफल = $\frac{1}{2}$ × 20 सेमी. × 8सेमी.

= 80 वर्ग सेमी.

Anu Priya, Science Teacher

TOB

# खेल कॉर्नर

## 2013 से भारत की डोमेस्टिक टेस्ट सीरीज


| साल | खिलाफ | मैच | नतीजा | विजेता |
|---|---|---|---|---|
| 2013 | ऑस्ट्रेलिया | 4 | 4-0 | भारत |
| 2013-14 | वेस्टइंडीज | 2 | 2-0 | भारत |
| 2015-16 | सा. अफ्रीका | 4 | 3-0* | भारत |
| 2016-17 | इंग्लैंड | 5 | 4-0* | भारत |
| 2016-17 | बांग्लादेश | 1 | 1-0 | भारत |
| 2016-17 | ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2-1* | भारत |
| 2016-17 | न्यूजीलैंड | 3 | 3-0 | भारत |
| 2017-18 | श्रीलंका | 3 | 1-0* | भारत |
| 2018 | अफगानिस्तान | 1 | 1-0 | भारत |
| 2018-19 | वेस्टइंडीज | 2 | 2-0 | भारत |
| 2019-20 | सा. अफ्रीका | 3 | 3-0 | भारत |
| 2019-20 | बांग्लादेश | 2 | 2-0 | भारत |
| 2020-21 | इंग्लैंड | 4 | 3-1 | भारत |
| 2021-22 | न्यूजीलैंड | 2 | 1-0* | भारत |
| 2021-22 | श्रीलंका | 2 | 2-0 | भारत |
| 2022-23 | ऑस्ट्रेलिया | 4 | 2-1* | भारत |
| 2023-24 | इंग्लैंड | 5 | 4-1 | भारत |
| 2024-25 | बांग्लादेश | 2 | 2-0 | भारत |
| 2024-25 | न्यूजीलैंड | 3 | 0-3 | न्यूजीलैंड |
| 2025 | वेस्टइंडीज | 2 | 2-0 | भारत |

*(* सीरीज में मैच ड्रॉ हुआ है।)*

Teachers of Bihar

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश



आज का शब्द

## बाल दिवस
## **14** नवंबर

भारत में बाल दिवस हर साल **14** नवंबर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के पहले प्रधानमंत्री, पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन का प्रतीक है, जिन्हें बच्चे प्यार से "चाचा नेहरू" कहते थे।  नेहरू जी को बच्चों से बहुत लगाव था और उनका मानना था कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और एक मजबूत राष्ट्र का निर्माण केवल उनके उचित विकास और शिक्षा से ही हो सकता है। भारत ने **1964** में नेहरू जी के निधन के बाद, उनके सम्मान में **14** नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया।


रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान
ISSF
ISSF विश्व चैंपियनशिप में 20 साल के सम्राट राणा ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से इतिहास रच दिया।
सम्राट ने 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में चीन के शूटर को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है।
www.teachersofbihar.org
राकेश कुमार

# पद्य पंकज

वे मुस्कराते फूल नहीं,
जिनको आता है मुरझाना।
वे तारों के दीप नहीं,
जिनको भाता है बुझ जाना।
वे नीलम के मेघ नहीं,
जिनको है घुल जाने की चाह।
वह अनंत ऋतुराज नहीं
जिसने देखी जाने की राह।

---

**महादेवी वर्मा(आधुनिक मीरा)**

Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
प्रो. बीरबल साहनी
जन्म -14 नवम्बर 1891 निधन - 10 अप्रैल 1949
Madhu priya

# जयंती पर कोटि-कोटि नमन



# जवाहरलाल नेहरू

## भारत के पूर्व प्रधानमंत्री

14 नवंबर 1889-27 मई 1964

www.teachersofbihar.org

MADHU PRIYA